A8

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी **इन्द्रजीत सिंह**, आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या/62/2018 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः– 31.07.2018

श्री बाबूलाल टेलर, निवासी ए–101, गांधीनगर, सेक्टर नं. 5, चित्तौड़गढ़

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, भदेसर

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

निर्णय

Web Copy - Not Official

दिनांक 24.08.2018

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, भदेसर के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 26.06.2018 को रजिस्टर्ड ड़ाक से प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से अपीलार्थी द्वारा यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 62/2018/(24.08)/761 दिनांक 01.08.2018 से सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, भदेसर को दिनांक 24.08.2018 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 24.08.2018 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

रजिस्टर्ड पत्र के माध्यम से सूचना देने के बावजूद भी अपीलार्थी नियत दिनांक को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित नहीं हुआ और न ही सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, भदेसर ने उक्त प्रकरण में आदिनांक तक कमेन्ट्स प्रस्तुत किये।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

प्रकरण संख्या 62/2018 (सू.अ.)

श्री बाबूलला टेलर निवासी चित्तौड़गढ़ बनाम सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार भदेसर

अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन दिनांक 26.06.2018 से राजस्व ग्राम भादसोडा के साबिक आराजी नम्बर 12/9 रकबा 8 बीघा, वर्तमान आराजी नम्बर 82, 83 एवं इसके आसपास के आराजी नम्बर के नक्शा ट्रेस की प्रति तथा आराजी नम्बर 82, 83 व साबिक आराजी नम्बर 12/9 की मिलान क्षेत्रफल की प्रतियां चाही गई, जो उसे उपलब्ध नहीं कराना खेदजनक है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलार्थी स्वीकार की जाकर सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार भदेसर को अपीलार्थी को 15 दिवस में वांछित सूचना निः शुल्क उपलब्ध कराने के निर्देश दिये जाते हैं।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(इन्द्रजीत सिंह)
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रं./सरिश्ता/प्र.सं./62/2018(सू.अ.)/842 दिनांकः–24/8/2018

प्रतिलिपिः–

1. सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, भदेसर
2. श्री बाबूलाल टेलर निवासी ए–101, गांधीनगर, सेक्टर नम्बर 05, चित्तौड़गढ़

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)